नई दिल्ली › शुक्रवार, 14 अगस्त 2020 › श्रावण 22 शक संवत 1942 भाद्रपद कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2077 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER पेज 22› मूल्य 4.50 या 8.50 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

टैक्सपेयर की होगी केयर, मिले तीन अधिकार
देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स

अमेरिका में H1B वीजाधारकों को राहत
देखें अंदर

गौड़ सिटी गोलचक्कर पर जाम से बचाएगा अंडरपास

अधिकारियों ने किया चौराहे का निरीक्षण

■ **विशेष संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** गौड़ सिटी गोलचक्कर को क्रॉस करने के लिए दो किलोमीटर की दूरी डायवर्जन के रूप में तय करनी पड़ती है, जिससे आने वाले समय में छुटकारा मिलने की उम्मीद है। यहां जाम से बचाव के लिए अंडरपास बनाने की तैयारी है। इसे लेकर तीन दिन पहले ग्रेनो अथॉरिटी, एनएमआरसी, राइट्स और उत्तर प्रदेश सेतु निगम के अधिकारी दौरा कर चुके हैं।

गोलचक्कर पर पुरानी है जाम की समस्या

गौड़ सिटी गोलचक्कर होकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद के लिए वाहन निकलते हैं। ऐसे में यहां हर रोज जाम की स्थिति रहती है। जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यहां डायवर्जन किया हुआ है। ग्रेनो से गाजियाबाद जाने के लिए करीब एक किलोमीटर नोएडा की तरफ जाकर यू-टर्न लेना होता है। इससे वाहन चालकों को करीब दो किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ जाती है। इसी तरह गाजियाबाद के एनएच-24 की तरफ से और नोएडा से आने वाले लोगों को भी बिसरख रोड पर जाने के लिए गौड़

सूरजपुर-गाजियाबाद रोड पर बनेगा अंडरपास

सिटी मॉल के सामने से यू-टर्न लेना होता है। इससे भी लगभग डेढ़ किलोमीटर का चक्कर लगता है। इन डायवर्जन के कारण गौड़ सिटी गोलचक्कर लगभग दो साल से बंद है। अब ये केवल नाम का गोल चक्कर रह गया है। ऐसे में अथॉरिटी की प्लानिंग पर भी सवाल उठ रहे हैं। अथॉरिटी ने यहां अंडरपास बनाने की तैयारी की है। यह सूरजपुर-गाजियाबाद रोड पर बनेगा। यहां फ्लाईओवर बनाने का भी विकल्प था, लेकिन उसमें अधिक लागत आएगी। लिहाजा अथॉरिटी ने कंसल्टेंट एजेंसी राइट्स से अंडरपास के लिए रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। नवंबर तक निर्माण एजेंसी चुनने की तैयारी है। एक साल में दिसंबर 2021 तक अंडरपास चालू करने का टारगेट रखा गया है।